Title: Need to grant special package for all-round development of naxalite infected areas in Bihar.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): सभापति महोदय, बिहार राज्य का भोजपुर, जहानाबाद, औरंगाबाद, गया, चतरा, पलामू, रोहतास इत्यादि, जिला उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र बनने लगा है, जो मानवता और सरकार के लिए चुनौती है। कभी यह इलाका अमन-चैन, सुख-शान्ति और मानवता का प्रतीक था, परन्तु आज यह अशान्त और उग्रवाद एवं हिंसा का प्रतीक बनता जा रहा है। इसका मुख्य कारण है कि इस क्षेत्र के समुचित विकास के लिए भारत सरकार की ओर से अधिक प्रयास नहीं किया गया। कुछ निजी प्रबन्धन जैसे रोहतास उद्योग पूंज, जपला सीमेंट फैक्ट्री, बन्जारी सीमेंट फैक्ट्री कार्यरत थे जो आज बन्द हो गए हैं। भारत सरकार की सहायता से चलने वाला एक मात्र पी.पी.सी.एल. भी बन्द होने के कगार पर है। कृषि पर आश्रित खेतिहर मजदूरों और किसानों की हालत भी बहुत खराब हो गई है। पढ़े-लिखे नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। लोग फटेहाली, आर्थिक तंग का शिकार बनते जा रहे हैं। इस इलाके में एम.सी.सी. पिपुल्सवार जैसे कई संगठन सक्रिय हो गए हैं, जिसका एकमात्र कारण अशिक्षा, बेरोजगारी एवं कृषि की गिरती हुई दशा है।

अतः मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए, बेरोजगारों को रोजगार के लिए, कृषि को सुमन्नत बनाने के लिए, औद्योगिक प्रबन्धनों को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष पैकेज के अन्तर्गत सहायता देकर दिग्भ्रमित नौजवानों तथा नागरिकों को बचाने का कष्ट करें।